Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

B&WSSC
BEAUTY & WELLNESS
SECTOR SKILL COUNCIL

# प्रतिभागी पुस्तिका



क्षेत्र
**ब्यूटी और वैलनेस**

उप–क्षेत्र
**ब्यूटी और सैलून**

व्यवसाय
**स्किन केयर सर्विस**

**संदर्भ सूचक-BWS/Q0101, Version 4.0**
**NSQF Level 3**

# असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट

**द्वारा प्रकाशित**
**ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल कांउसिल**
5बी, अपर ग्रांड फ्लोर
23, हिमालय हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001
कार्यालय: 011-40342940, 42, 44 और 45
ईमेल: info@bwssc.in
वेबसाइट: www.bwssc.in

यह पुस्तक ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल कांउसिल द्वारा प्रायोजित है

क्रिएटिव कॉमनस लाइसेंस के तहत: CC-BY -SA

Attribution-ShareAlike: CC BY-SA

यह लाइसेंस अन्य लोगों को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भी आपके काम को रीमिक्स, ट्वीक और निर्माण करने देता है, जब तक कि वे आपको श्रेय देते हैं और समान शर्तों के तहत अपनी नई रचनाओं का लाइसेंस देते हैं। इस लाइसेंस की तुलना अक्सर "कॉपीलेफ्ट" फ्री और ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर लाइसेंस से की जाती है। आपके आधार पर सभी नए कार्यों में एक ही लाइसेंस होगा, इसलिए कोई भी डेरिवेटिव व्यावसायिक उपयोग की भी अनुमति देगा। यह विकिपीडिया द्वारा उपयोग किया जाने वाला लाइसेंस है और उन सामग्रियों के लिए अनुशंसित है जो विकिपीडिया और इसी तरह के लाइसेंस प्राप्त परियोजनाओं से सामग्री को शामिल करने से लाभान्वित होंगे।



“कौशल विकास एक बेहतर भारत का निर्माण है। यदि हमें भारत को उन्नति की ओर अग्रसर करना है, तो कौशल विकास हमारा लक्ष्य होना चाहिए।”

**श्री नरेंद्र मोदी**
भारत के प्रधानमंत्री

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

B&WSSC
BEAUTY & WELLNESS SECTOR SKILL COUNCIL

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation

# Certificate

## COMPLIANCE TO
## QUALIFICATION PACK – NATIONAL OCCUPATIONAL STANDARDS

is hereby issued by the

**BEAUTY & WELLNESS SECTOR SKILL COUNCIL**

for

## SKILLING CONTENT: PARTICIPANT HANDBOOK

Complying to National Occupational Standards of
Job Role/ Qualification Pack: **'Assistant Beauty Therapist'** QP No. **'BWS/Q0101, NSQF Level 3'**

Date of Issuance: **17 Nov 2022**

Valid up to: **17 Nov 2025**

** Valid up to the next review date of the Qualification Pack*

Blossom Kochhar
Authorised Signatory
(Beauty & Wellness Sector Skill Council)

## आभार

ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल उन सभी व्यक्तियों और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त करता है जिन्होने इस प्रशिक्षार्थी पुस्तिका को तैयार करने में योगदान दिया है। उन सभी व्यक्तियों का विशेष धन्यवाद जिन्होने अलग–अलग मॉड्यूल को तैयार करने में विषय–वस्तु उपलब्ध करने में और इसकी समीक्षा करने में सहयोग किया है।

ब्यूटी और वेलनेस उद्योग जगत के सदस्यों के समर्थन के बिना इस पुस्तिका को तैयार करना संभव नहीं था। इस पुस्तिका के शुरुआत से अंत तक सदस्यों का फीडबैक बेहद उत्साहवर्धक रहा है और यह उनकी सलाह का ही नतीजा है कि हमने अपने उद्योग में मौजूदा कौशल अंतर को कम करने की कोशिश की है।

यह प्रशिक्षार्थी मैनुअल हम उन सभी महत्वाकांक्षी युवाओं को समर्पित करते है जिनकी रूचि इस विशेष कौशल को प्राप्त करने की है जो स्थाई होने के साथ – साथ उनके भविष्य को ब्यूटी और वेलनेस के क्षेत्र में कैरियर बनाने में मदद करेगा।

## पुस्तिका के विषय में

भारत में ब्यूटी एंड वैलनेस उद्योग 18.6% CAGR की दर से बढ़ रहा है और संभावना है कि यह जल्द ही 100,000 करोड़ के मुकाम पर पहुंच जाएगा। यह सैक्टर अमीर और मध्यम वर्गीय आबादी के उस बढ़ते हुए तबके की बदौलत फल–फूल रहा है जिन्होनें ब्यूटी एंड वैलनेस को एक आवश्यकता मानना शुरु कर दिया है। अच्छा और जवान दिखाई देने की लोगों की इच्छा के साथ, एक सर्वांगीण स्वास्थ्य पर बढ़ता हुआ ज़ोर ब्यूटी एंड वेलनेस उद्योग के लिए अन्य उत्प्रेरक हैं।

ब्यूटी सैक्टर में, संगठित क्षेत्रों में 23% और असंगठित क्षेत्रों में 15% के साथ 20% CAGR की दर से रोजगार बढ़ने की संभावना है, जहां 600,000 लाख से अधिक कुशल कर्मियों की कमी है। सेवा की गुणवत्ता पर ध्यान शिफ्ट होने के साथ, अब यह उद्योग अपने विकास को बनाए रखने के लिए कुशल कर्मियों को तलाश रहा है।


इस प्रतिभागी पुस्तिका की रूपरेखा एक असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट बनने हेतु सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण देने में सहायता करने के लिए बनाई गई है। असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट की योग्यताओं में निम्नलिखित राष्ट्रीय व्यावसायिक मानदंड शामिल हैं, जिन्हें इस प्रतिभागी पुस्तिका में शामिल किया गया है:

1- BWS/N9001 कार्य क्षेत्र तैयार करना और बनाए रखना
2- BWS/N0101 बुनियादी त्वचा देखभाल सेवाएं प्रदान करें
3- BWS/N0102 बालों को हटाने की बुनियादी सेवाएं प्रदान करें
4- BWS/N0125 सरल मेकअप सेवाएं करें
5- BWS/N0401 मेनीक्योर और पेडीक्योर सेवाएं प्रदान करें
6- BWS/N0126 बाल बनाने के लिए साधारण हेयर ड्रेसिंग सेवाएं प्रदान करें
7- BWS/N0127 सरल मेहंदी डिजाइनों का प्रयोग करें
8- BWS/N9002 कार्यस्थल के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बनाए रखें
9- BWS/N9003 कार्यस्थल पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करें
10- DGT/VSQ/N0102: **रोजगार कौशल (60 घंटे)**

हमें आशा है कि यह प्रतिभागी पुस्तिका ब्यूटी एंड वेलनेस उद्योग में अपना भविष्य बनाने की इच्छा रखने वाले हमारे युवा मित्रों के लिए सुदृढ़ विद्याप्राप्ति में सहायता उपलब्ध कराएगी।


## पुस्तक में प्रयोग किए गए चिह्न


प्रमुख शिक्षा उद्देश्य


चरण


यूनिट के उद्देश्य


गतिविधि


अभ्यास


टिप्पणी

# विषयसूची


| क्र. सं | मॉड्यूल एवं यूनिट | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| **1.** | **कार्यक्रम का उद्देश्य** | **1** |
| | यूनिट 1.1 – कार्यक्रम का उद्देश्य | 3 |
| | यूनिट 1.2 – भारतीय ब्यूटी और वेलनेस उद्योग | 7 |
| **2.** | **उपचार स्थल को तैयार करना और बनाए रखना (BWS/N9001)** | **9** |
| | यूनिट 2.1 – उपचार स्थल को तैयार करना और बनाए रखना | 11 |
| **3.** | **त्वचा के लिए बुनियादी उपचार (BWS/N0101)** | **25** |
| | यूनिट 3.1 – त्वचा की संरचना और कार्य | 27 |
| | यूनिट 3.2 – बुनियादी फेशियल उपचार | 55 |
| **4.** | **हेयर रिमूवल सेवाएं प्रदान करना (BWS/N0102)** | **77** |
| | यूनिट 4.1 – अवांछित बालों को हटाना | 79 |
| | यूनिट 4.2 – आईब्रो बनाना | 95 |
| **5.** | **मैनीक्योर और पेडीक्योर (BWS/N0401)** | **99** |
| | यूनिट 5.1 – मैनीक्योर उपचार | 101 |
| | यूनिट 5.2 – पेडीक्योर उपचार | 117 |
| **6.** | **मेकअप संबंधी ब्यूटी सेवाओं में सहायता करना (BWS/N0125)** | **125** |
| | यूनिट 6.1 – मेकअप संबंधी ब्यूटी सेवाओं में सहायता करना | 127 |
| **7.** | **हेयर स्टाइलिंग और ड्रेसिंग की सेवाएं करते समय सहायता करना (BWS/N0126)** | **145** |
| | यूनिट 7.1 – हेयर स्टाइलिंग और ड्रेसिंग की सेवाएं करते समय सहायता करना | 147 |
| **8.** | **सरल मेंहदी/हेना डिज़ाइन लगाना (BWS/N0127)** | **153** |
| | यूनिट 8.1 – सरल मेंहदी/हेना डिज़ाइन लगाना | 155 |
| **9.** | **कार्य स्थल की सुरक्षा और स्वास्थ्य (BWS/N9002)** | **159** |
| | यूनिट 9.1 – कार्यस्थल की सुरक्षा और स्वास्थ्य | 161 |
| **10.** | **कार्यस्थल पर सकारात्मक छवि बनाना (BWS/N9003)** | **171** |
| | यूनिट 10.1 – कार्यस्थल पर सकारात्मक छवि बनाना | 173 |
| | यूनिट 10.2 – व्यावसायिक कौशल | 185 |
| | यूनिट 10.3 – भाषा कौशल | 192 |
| | यूनिट 10.4 – मेरी सीख | 195 |

11. DGT/VSQ/N0102 रोजगार कौशल (60 घंटे)

Scan this QR Code to access the Employability skills module

https://www.skillindiadigital.gov.in/content/detail/1-10d218cd-31f0-41d0-a276-b41ec3b52013

12. एनैक्सचर 200

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

B&WSSC
BEAUTY & WELLNESS
SECTOR SKILL COUNCIL

# 1. परिचय

यूनिट 1.1 – कार्यक्रम का उद्देश्य

यूनिट 1.2 – भारतीय ब्यूटी और वेलनेस उद्योग

## मुख्य शिक्षा

**इस मॉड्यूल के अंत में, आप:**

1. कार्यक्रम के उद्देश्यों और कार्य हेतु अपेक्षित कौशलों का वर्णन कर पाएंगे
2. भारत में ब्यूटी एंड वेलनेस उद्योग की वृद्धि और रूझान पर चर्चा कर पाएंगे

# यूनिट 1.1: कार्यक्रम का उद्देश्य

## यूनिट के उद्देश्य

**इस यूनिट के अंत में, आपः**

1 इस कार्यक्रम के संक्षिप्त विवरण और उद्देश्यों को समझा पाएंगे

2. असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट के कार्यों एवं जिम्मेदारियों का वर्णन कर पाएंगे

## 1.1.1 परिचय

वर्तमान में, ब्यूटी और **वैलनेस** उद्योग ने भारत में प्रसिद्धि प्राप्त की है। इसने सुसंगत और उल्लेखनीय वृद्धि का प्रदर्शन करते हुए आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने के साथ–साथ देश भर में रोजगार के लाखों अवसर पैदा करके एक प्रमुख नियोक्ता के रूप में छवि बनाई हैं। इस अभूतपूर्व विकास के कारण हैं – **वैलनेस** पर्यटन, उपभोक्तावाद, वैश्वीकरण का बढ़ना और भारतीय उपभोक्ताओं की जीवन शैली में बदलाव आना।



*चित्र 1.1.1 ब्यूटी सेवाएं*

ब्यूटी और **वैलनेस** उद्योग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर बड़े व्यवसायियों के साथ बढ़ रहा है, जिसने प्रशिक्षित कर्मियों की भारी मांग को प्रेरित किया है। हालांकि, कुशल और प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता में एक बड़ी कमी है। इस प्रतिभा में कमी होने के कारण ब्यूटी और **वैलनेस** उद्योग पर खतरा बन गया है। कुशल और प्रशिक्षित कर्मियों का विकास करना व्यवसायों और उद्योग, दोनों के लिए एक बड़ा कार्य हैं।

## 1.1.2 असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट

ब्यूटी और **वैलनेस** उद्योग में एक असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट सैलून और स्पा में सौंदर्य सेवाओं की विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाओं में शामिल होता हैं। एक असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट को सौंदर्य सेवाओं, थेरेपी के कार्यों और बुनियादी सेवा योग्यता के बारे में जानकारी होनी चाहिए। संचार और सेवा में प्रवीणता से ग्राहकों को विश्वस्तरीय सेवा प्रदान की जा सकती हैं।

**एक असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट की भूमिका और जिम्मेदारियां**

एक असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट को सभी प्राथमिक ब्यूटी थेरेपी, स्वास्थ्य और स्वच्छता व विभिन्न सौंदर्य उत्पादों की मूल सुरक्षा की जानकारी से परिचित होना चाहिए। असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट से बुनियादी डेपिलेशन, मैनीक्योर, पेडीक्योर और चेहरे की देखभाल संबंधी सेवाएं जैसे कार्यों और साथ ही अन्य उन्नत सेवाएं प्रदान करने में सहायता करने की उम्मीद की जाती हैं। सैलून में वे वातावरण को बनाए रखने और अन्य कार्य जैसे – सैलून में रखे ब्यूटी उत्पादों की जानकारी प्राप्त कर उनको बेचने आदि का कार्य करती हैं।

**एक असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट के गुण**

- ग्राहक को आरामदायक महसूस करवाना।
- ग्राहक की सभी ज़रूरतों को उसके समझा ना पाने पर भी समझना ।
- कार्यस्थल को स्वच्छ रखना क्योंकि यह ग्राहक को आपकी सेवा प्राप्त करने की ओर आकर्षित करता है।
- निजी उपस्थिति को स्वच्छ रखना: एक निजी स्वच्छता बनाए रखना। ग्राहक आपकी सेवा प्राप्त नहीं करेगा यदि आप अच्छे नहीं दिखेंगे। शरीर की गंध, बुरी सांस और सभी स्वच्छता की सावधानियों से परिचित रहें।
- उपयुक्त सुझाव देना: यदि आपका ग्राहक भ्रमित और दुविधा में है तो अवसर को प्राप्त कर उसके सामने उपयुक्त सुझाव रखें। ग्राहक उसे पसंद करेगा और आपकी सराहना करेगा। इससे आपका कोई नुकसान नहीं होगा।
- कभी भी जल्दी में ना होना: जल्दी से ग्राहक को बाहर ना भेजना। यदि आप किसी ग्राहक के साथ हैं तो उसे पूर्ण समय दें।
- अपनी जानकारी को अपडेटिड रखना: आपको अपने क्षेत्र से जुड़ी हर जानकारी के बारे में अपडेट होना चाहिए, आप किसी को भी तुरंत जानकारी प्रदान करने में सक्षम होने चाहिए।
- ग्राहकों का सम्मान करना: अपने ग्राहक के निर्णय का सम्मान करना चाहिए और अपने विकल्प को उस पर थोपना नहीं चाहिए। अंततः यह उसका निर्णय होता है कि वह किस प्रकार सेवा आपसे प्राप्त करना चाहता है और इसका आपको सम्मान करना चाहिए।
- उत्पादों की जानकारी होना: एक ब्यूटीशियन ग्राहकों को यह बताने में सक्षम होना चाहिए कि कौन सा उत्पाद उसके लिए लाभकारी होगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी ग्राहक की त्वचा सूखी है और वह चेहरे की क्रीम की मांग करता है तो एक ब्यूटीशियन के दिमाग में त्वचा के प्रकारों की जानकारी होनी चाहिए और उसे उसके अनुसार सबसे बढ़िया उत्पाद उसे दिखाना चाहिए। यह ब्यूटीशियन के जानकारी से परिचित होने पर ही संभव हो सकता हैं।
- संचार में प्रवीणता: जितना हो सके एक ब्यूटीशियन को अपने कौशल में प्रभावी होना चाहिए, उसे अपने संचार कौशल में भी अच्छा होना चाहिए। ब्यूटीशियन को सबसे पहले ग्राहकों के साथ अपने संचार कौशल के साथ व्यवहार करना होता है और बाद में अपने ब्यूटी कौशल से करना होता हैं। इसलिए, उसको गर्मजोशी से स्वागत करना, जानकारी प्रदान करना और अपनी बातों को स्पष्ट रखना आना चाहिए।
- अच्छी शारीरिक भाषा का प्रदर्शन: एक ब्यूटीशियन को अपने ग्राहकों को संभालते समय तनाव में नहीं आना चाहिए। उसकी शारीरिक भाषा सक्रिय, कार्य करते समय खुश रहना और मुस्कुराते हुए सेवाएं प्रदान करनी चाहिए।

## 1.1.3 यह कार्यक्रम निम्न का अवलोकन करेगा

यह कार्यक्रम निम्न का अवलोकन करेगा:

- ब्यूटी और **वैलनेस** उद्योग
- कार्यस्थल तैयार करना और बनाए रखना
- त्वचा की प्राथमिक देखभाल प्रदान करना
- प्राथमिक डेएपिलेशन सेवाएं
- ब्यूटी सेवाएं देना
- कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा को बनाए रखना
- कार्यस्थल पर सकारात्मक प्रभाव बनाना

# यूनिट 1.2: भारतीय ब्यूटी और वेलनेस उद्योग

## यूनिट के उद्देश्य

**इस यूनिट के अंत में, आपः**

1. भारत में ब्यूटी एंड वेलनेस उद्योग की वृद्धि पर चर्चा कर पाएंगे
2. ब्यूटी एंड वेलनेस उद्योग के औद्योगिक वर्गीकरण को समझ पाएंगे
3. इस उद्योग में उभर रहे औद्योगिक रुझानों पर चर्चा कर पाएंगे

## 1.2.1 भारत में ब्यूटी और वेलनेस उद्योग

ब्यूटी एक उद्योग के रूप में बढ़ी ही तेज गति से फैल रहा है। आजकल व्यगित अलंकरण, सौंदर्य के प्रति जागरुकता और आकर्षक रूप को बनाए रखने की चाह लगातार बढ़ रही है। इसी कारण से ब्यूटी थैरेपिस्ट या ब्यूटिशियन की मांग भी उसी गति से बढ़ रही है। भारत में ब्यूटी और वेलनेस उद्योग नये हैं, यहां स्वास्थ्य और आकर्षक दिखने को लेकर जागरुकता बढ़ रही हैं। देश में ब्यूटी और ग्रूमिंग उद्योग बहुत बढ़ रहा हैं, जो पुरूषों और महिलाओं दोनो के बीच अच्छा दिखने और अच्छा महसूस करने की बढ़ती इच्छा का परिणाम हैं।

हेयर केयर ब्यूटी के व्यापार में एक सेगमेंट है जो खासतौर पर अच्छा काम कर रहा हैं। एसी नीलसन रिपोर्ट भारत में हेयर केयर मार्केट का अनुमान 3,630 करोड़ 20: औसत वार्षिक वृद्धि के साथ लगाती हैं। दूसरा सेगमेंट ब्राइडल मेकअप तेजी से विस्तार कर रहा है। इससे पहले केवल दुल्हन आमतौर पर शादी समारोह से पहले तैयार होने के लिए आती थीं, लेकिन अब दोस्त और रिश्तेदार अक्सर दुल्हन के साथ तैयार होने आते हैं, सैलून उनके लिए विशेष पैकेज की पेशकश रखते हैं।

विशेष ज्ञान के लिए क्वॉलिफाईड ब्यूटी ट्रीटमेंट– इस प्रकार के प्रशिक्षण स्कूलों भी फैल रहे हैं। अधिकांश सैलूनों की चेन के अपने विद्यालय होते हैं। उदाहरण के लिए, वीएलसीसी 75 विभिन्न कोर्सेस चला रहा है। सरकारी ब्यूटी और वेलनेस उद्योग कौशल परिषद भी विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं को चला रहा है। स्वाभाविक रूप से सेक्टर में रोजगार के अवसर भी फलफूल रहे हैं। केपीएमजी वेलनेस रिपोर्ट अनुमान लगाती है कि ब्यूटी और सैलून सेगमेंट में कार्यबल की आवश्यकता लगभग 2013 में 34 लाख से 2022 में 121 लाख तक बढ़ जाएगी। मेकअप और ब्यूटी व्यावसायकों के वेतन रु 15000 से रु 65000 के बीच प्रति माह है।

**विकास के कारण**

1. बढ़ता उपभोक्तावाद, तेजी से बढ़ता शहरीकरण और बढ़ती प्रयोज्य आय इस बाजार को चलाने के लिए सबसे प्रमुख कारक कहे गये हैं।
2. बढ़ती मीडिया के प्रदर्शन से युवा आबादी में ब्यूटी के उत्पादों के प्रति उपभोक्तावाद में वृद्धि हुई हैं।
3. जवान दिखने वाली त्वचा के प्रति अत्यधिक आकर्षण, सेक्टर को बढ़ावे की तरफ ले जा रहा हैं, जैसे ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता कॉस्मेटिक उपचार के साथ ऐंटीएजिंग उत्पादों की भी मांग रखते हैं।
4. नये उत्पादों का सृजन और अच्छा दिखने के लिए बढ़ती मांग भविष्य में इस सेगमेंट के लिए उल्लेखनीय वृद्धि तैयार करती है।

## 1.2.2 उद्योग का वर्गीकरण

ब्यूटी केंद्र और बालों का सैलूनः ब्यूटी केंद्र और सैलून के खंड में त्वचा, बाल और नाखून की देखभाल संबंधित सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं को ग्राहकों की उम्मीद को पूरा करने के अनुसार क्रम में व्यक्तिगत शारीरिक छवि या रंग को सुधारने के लिए प्रदान किया जाता हैं।

उत्पाद और काउंटर सेलः इसमें ब्यूटी और सैलून के उत्पादों को बेचना व साथ ही कॉस्मेटिक एवं उपस्थिति और उम्र संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी प्रसाधन सामग्री शामिल हैं। उत्पादों को विभिन्न ब्यूटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खरीदा जाता है।

स्वास्थ्य और स्लिमिंगः इसमें शारीरिक व्यायाम, योग, अन्य मन–शारीरिक अभ्यास, वजन घटाना व स्लिमिंग शामिल हैं।




*चित्र 1.2.2 ब्यूटी और वेलनेस उद्योग का वर्गीकरण*

कायाकल्प केंद्रः इसमे स्पा संचालन, स्पा शिक्षा, स्पा उद्योग, उत्पाद और घटनाएं शामिल होती हैं। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से शरीर और मन को आराम देने के उद्देश्य से सक्रिय सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

वैकल्पिक थेरेपी केंद्रः वैकल्पिक थेरेपी केंद्रों में क्लीनिकल निदान और उपचार दिया जाता है।

## 1.2.3 औद्योगिक प्रवृत्तियां

उपभोक्ता मानसिकता बदलावः ब्यूटी और **वैलनेस** पर खर्च किये गए पैसों को लक्जरी के रूप में नहीं गिनना चाहिए। लोगों को इसको आवश्यकता के रूप में लेना चाहिए और इस पर खर्च हुए पैसों के बारे में नहीं सोचना चाहिए।

इमर्जिंग यूनिसेक्स सेवाएंः कई सारे संगठित वर्ग विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान कर और कई यूनिसेक्स ब्यूटी और वेलनेस केंद्र स्वीकृत होकर उभर रहे हैं।

विभिन्न परिसर/क्षेत्रो में विस्तारः शहरों और महानगरों के अलावा, उद्योग के फैलने का कारण जागरुकता का विकास भी हैं। कम किराया और जनशक्ति लागत भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी ब्रांडः ग्राहकों का अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों का पसंद करना भी भारतीय बाजार को बढ़ा रहा है।

## 1.2.4 ब्यूटी सेवाओं की सूची

1. पेडीक्योर
2. मैनीक्योर
3. थ्रेडिंग
4. वैक्सिंग
5. ब्लीच
6. बुनियादी फेशियल
7. बुनियादी मेकअप

## अभ्यास

1. निम्न में **कौन सा** एक विशेषता एक ब्यूटीशियन की नहीं है?
   a. उत्पादों की जानकारी होना
   b. अच्छी शारीरिक भाषा
   c. स्वच्छ व्यक्तिगत उपस्थिति
   d. जल्दी में होना
2. वर्तमान में ब्यूटी और **वैलनेस** की प्रवृत्ति कैसी है?
   a. उपभोक्ता की मानसिकता को बदलना
   b. इमर्जिंग यूनिसेक्स सैलून
   c. अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी ब्रांड
   d. ऊपर दिए गए सभी
3. भारत में ब्यूटी उद्योग कितने सीएजीआर की गति से बढ़ रहा है?
   a. 18.6%
   b. 18%
   c. 16.8%
   d. 18.2%

4. .................... ये सेन्टर्स शरीर और दिमाग को आराम पहुंचाने का लक्ष्य रखने वाली अग्रसक्रिय सेवाएं पेश करते हैं।

- फिटनेस और स्लिमिंग सेंटर्स (अर्थात तंदुरुस्ती एवं वज़न कम करना)
- आल्टरनेट थैरेपी सेंटर्स (अर्थात वैकल्पिक चिकित्सा)
- रिजूवनैशन सेंटर्स (अर्थात पुनर्यौवन केंद्र)
- इनमें से कोई नहीं

Click/Scan this QR Code to access the related video

## टिप्पणी

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

B&WSSC
BEAUTY & WELLNESS
SECTOR SKILL COUNCIL

# 2. उपचार स्थल तैयार करना और बनाए रखना

यूनिट 2.1 – उपचार स्थल तैयार करना और बनाए रखना

BWS/N9001

## मुख्य शिक्षा

**इस मॉड्यूल के अंत में, आपः**

1. कार्यस्थल को तैयार और बनाए रख पाएंगे
2. जान पाएंगे कि ग्राहक रिकॉर्ड कार्ड कैसे तैयार किया जाए
3. जान पाएंगे कि उपचार के लिए ग्राहक को कैसे तैयार किया जाए
4. रोगाणुनाशन और विसंक्रमण की विधियों के बारे में जान पाएंगे
5. निजी प्रस्तुतीकरण और आदर्श व्यवहार के बारे में समझ पाएंगे
6. सही तरीके से कचरे के निपटान करने के तरीकों की पहचान कर पाएंगे

# यूनिट 2.1: उपचार स्थल तैयार करना और बनाए रखना

## यूनिट के उद्देश्य

**इस यूनिट के अंत में, आप:**

1. कार्यस्थल को तैयार और बनाए रख पाएंगे
2. जान पाएंगे कि ग्राहक रिकॉर्ड कार्ड को कैसे तैयार किया जाए
3. जान पाएंगे कि उपचार के लिए ग्राहक को कैसे तैयार किया जाए
4. रोगाणुनाशन और विसंक्रमण की विधियों के बारे में जान पाएंगे
5. निजी प्रस्तुतीकरण और आदर्श व्यवहार के बारे में समझ पाएंगे
6. सही तरीके से कचरे के निपटान करने के तरीकों की पहचान कर पाएंगे

## 2.1.1 परिचय

सभी ब्यूटी उपचार और सेवाओं को साफ, स्वच्छ और ग्राहक को आमंत्रित करने वाले कार्यस्थलों की जरूरत होती है। यह यूनिट वैक्सिंग, मेकअप, नाखूनों, फेशियल और आंखों के उपचारों की तैयारी एवं बनाए रखने के बारे में है। ग्राहक और थैरेपिस्ट की बैठने की व्यवस्था और उपचारों को पूरा करने के कार्य में उपकरणों और सामग्री की तैयारी सम्मिलित है। उपचार के बाद कचरे के **निपटान**, ग्राहक के रिकॉर्ड, और व्यक्तिगत स्वच्छता और उपस्थिति के महत्व के बारे में सीखेंगे।

सैलून में आपके मुख्य कर्तव्यों में एक, किसी विशेष उपचार या सेवा के लिए सही उपकरणों और सामग्री को व्यवस्थित कर अपने सीनियर थैरेपिस्ट की सहायता करना और ग्राहक को तैयार करना है।

आपको यह जानने की जरूरत है कि प्रत्येक उपचार के लिए कौन से उत्पाद और उपकरणों की जरूरत है और आप उस ग्राहक विशेष के लिए उपयुक्त सामग्री का चुनाव करने के लिए ग्राहक रिकॉर्ड कार्ड का उपयोग कर सकेंगे।

## 2.1.2 रिकॉर्ड कार्ड

ग्राहक रिकॉर्ड कार्ड, उपचारों और सेवाओं का व्यावसायिक रिकॉर्ड है जो ग्राहक आपके सैलून में पहले प्राप्त चुका हैं और जहां थैरेपिस्ट भविष्य के उपचारों के लिए टिपपणी या सुझाव रिकॉर्ड करता हैं। उपचार की तैयारियों में से एक, ग्राहक रिकॉर्ड कार्ड को रिसेप्शन से प्राप्त करना सम्मिलित है।

- ग्राहक ने किस उपचार के लिए बुकिंग की है यह जानने के लिए आपको कार्ड की जरूरत होगी ताकि आपको पता हो सके कि आपको क्या करना है।
- ग्राहक रिकॉर्ड कार्ड ग्राहक की पसंद नापसंद, स्किन टाइप, उपयोग किए गए पूर्व उत्पाद और थैरेपिस्ट विधि के लिए आपको कौन सा उत्पाद चुनना है, यह जानने में आपकी सहायता करेंगा।
- ग्राहक का रिकॉर्ड रिसेप्शन से प्राप्त करते समय, ग्राहक का नाम, उपनाम, और पता सुनिश्चित कर लें ताकि आप जान सकें कि आपके पास सही कार्ड है।
- सुनिश्चित कर लें कि आपने ग्राहक के लिए सही रिकॉर्ड कार्ड प्राप्त किया है जैसे कुछ उपनाम अथवा नाम भी सामान्य होते हैं।
- उपचार शुरू होने से पहले आपको थैरेपिस्ट को ग्राहक का रिकॉर्ड कार्ड सौंपना होगा।